आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें
WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक 345 ● कटनी ● शनिवार, 22 जनवरी, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ कृष्ण पक्ष-5 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935



## स्वस्थ्य हो रहीं लता दीदी

**मुंबई।** भारत रत्न लता मंगेशकर 8 जनवरी से ही मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती हैं। उन्हें कोरोना वायरस के संक्रमण के बाद आईसीयू में भर्ती कराया गया है लेकिन इस बीच गायिका की खराब सेहत की झूठी खबरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। जिसपर आपको यकीन नहीं करना चाहिए। लता मंगेशकर की हालत में पहले से काफी सुधार है और डॉक्टरों की टीम लगातार उनके स्वास्थ्य पर नजर रखे हुई है।लता मंगेशकर की प्रबंधन टीम ने वायरल हो रहीं झूठी खबरों को लेकर एक बयान जारी किया जिसमें उन्होंने कहा कि गायिका के स्वास्थ्य के बारे में कई झूठी अफवाहें इंटरनेट पर घूम रही हैं। अपने प्रशंसकों से इस तरह की खबरों पर विश्वास न करने की अपील की। दरअसल सोशल मीडिया पर कई पोस्ट में तो उनके निधन की खबरें भी धड़ल्ले से शेयर की जा रही है।

**फैंस से अपील- अफवाहों पर न करें विश्वास**



## मुंबई के 20 मंजिला इमारत में आग

### सात की मौत, 15 झुलसे

मुंबई ।देया की आर्थिक राजधानी मुंबई में शनिवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। यहां के तारदेव में भाटिया अस्पताल के पास कमला इमारत की 20वीं मंजिल में आग लग गई। बताया जा रहा है कि आग 18वें मंजिल पर लगी है। बृहन्मुंबई नगर निगम के अनुसार आग लगने से 7 लोगों की मौत हो गई है। इन लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। डीएसपी सौरभ त्रिपाठी ने बताया कि दमकल की 21 गाड़िया आई हैं। ट्रैफिक पुलिस व स्थानीय पुलिस की मदद ली गई। अनुमान है कि 15वें मंजिल पर आग लगी और ऊपर तक गई। 19वां फ्लोर अधिक प्रभावित हुआ है। 15 घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से चार की हालत गंभीर है। दमकल विभाग के अनुसार, आग सुबह 7.28 बजे लगी और सुबह 8.10 बजे इसे लेवर 3 घोषित किया गया।

## प्रियंका वाड्रा की सफाई: मैंने चिढ़कर कहा था कि मैं ही सीएम का चेहरा हूं

**नई दिल्ली।** ।कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव और उत्तर प्रदेश कांग्रेस की प्रभारी प्रियंका वाड्रा ने आज कहा कि मेरी पार्टी कहीं-कहीं पर ये तय करती है कि सीएम का चेहरा कौन बनेगा और कहीं पर तय नहीं करती है,ये पार्टी का तरीका है। मैं ये नहीं कह रही हूं कि सीएम का चेहरा मैं ही हूं,वो मैंने चिढ़ कर कह दिया क्योंकि बार-बार वो ही सवाल पूछे जा रहे हैं। प्रियंका गांधी ने कहा कि हम पूरी शक्ति से चुनाव लड़ रहे हैं। विकास, बेरोज़गारी, महंगाई, महिलाओं की सुरक्षा के जिन महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होनी चाहिए वो मुद्दे मुख्य तौर पर कांग्रेस उठा रही है। कांग्रेस जनता की आवाज़ उठा रही है,आशा है कि इसका नतीजा अच्छा होगा। प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि सभी राजनीतिक दल असलियत को छुपाकर चुनाव के समय ऐसे मुद्दे उठाना चाह रहे हैं जो जज़्बाती हैं जैसे जाति, सांप्रदायिकता पर आधारित मुद्दे क्यों कि वो विकास की बात नहीं करना चाहते हैं। इससे नुकसान सिर्फ जनता और राजनीतिक दलों का होता है। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने बेरोज़गारों नौजवानों के लिए क्या किया है? चुनाव आता है तो कहते हैं कि 25 लाख नौकरियां देंगे, कभी ये समझाया है कि रोज़गार कहां से आएगा? हमने ये कहा कि हम 20 लाख नौकरियां देंगे, हमने हवा में नहीं कहा। हमने पूरा घोषणापत्र निकाला है। प्रियंका वाड्रा ने कहा कि 5 साल से उत्तर प्रदेश में इनकी सरकार है, इनको पिछला महीना ही मिला हवाईअड्डे, हाईवे का उद्घाटन करने और नई इंडस्ट्री लगाने के लिए..क्या इससे पहले इनके पास समय नहीं था? चुनाव के सिर्फ एक महीने पहले आप सब घोषणाएं कर रहे हैं, घोषणाएं करनी हैं तो ठोस तरह से करें। जब एक पार्टी 400 सीटों में से सिर्फ 100 या 200 सीटों पर चुनाव लड़ती है तो ये बात साफ है कि पार्टी जिन सीटों पर चुनाव नहीं लड़ती है उन सीटों पर वो कमजोर होती जाती है। हमारी पार्टी के लिए अकेले चुनाव लड़ना और अपनी पार्टी को सशक्त बनाना बहुत जरूरी था।



गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में राजनीतिक दलों द्वारा उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की घोषणा करने के साथ ही चुनावी घोषणा पत्र में कई लोक लुभावने वादे किए जा रहे हैं। कांग्रेस की पोस्टर गर्ल प्रियंका मौर्य ने भाजपा ज्वाइन करके भले ही कांग्रेस के कैम्पेन 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' की हवा निकाल दी हो लेकिन कांग्रेस पार्टी की उत्तर प्रदेश प्रभारी और राष्टीय महासचिव प्रियंका वाड्रा को अभी लगता है कि कांग्रेस चुनावों में अच्छा प्रदर्शन करेगी।

### प्रियंका चुनाव लड़ेंगी या नहीं, नहीं किया खुलासा

हालांकि प्रियंका वाड्रा ने यह स्पष्ट नहीं किया कि वह चुनाव लड़ेंगी या नहीं। मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में उनसे पूछे गए सवाल का सीधा जवाब नहीं देते हुए उन्होंने कहा कि आपको कोई दूसरा चेहरा नहीं दिखता।

## कोरोना का भयावह रूप,तमिलनाडु में लाकडाउन

# 24 घंटे में 3.35 लाख नए केस मिले, 482 मौत

**नई दिल्ली। देश में कोरोना महामारी की तीसरी लहर में नए मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। इसके चलते सक्रिय मामले भी आठ महीने बाद 20 लाख से ज्यादा हो गए हैं। तीसरी लहर में कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच तमिलनाडु में लाकडाउन लगा दिया गया है। यह लाकडाउन अभी 23 जनवरी (रविवार) तक लगाया गया है।**

देश में शुक्रवार को 3 लाख 35 हजार 393 नए कोरोना संक्रमित मिले। इस दौरान 2.41 लाख लोग ठीक हुए, जबकि 482 लोगों की मौत हुई है। वहीं, पिछले दिन के मुकाबले नए संक्रमित 3.41त्न कम हुए हैं। इससे एक दिन पहले गुरुवार को 3.47 लाख लोग संक्रमित मिले थे और 703 लोगों की मौत हुई थी।फिलहाल देश में 21.05 लाख एक्टिव केस हैं। तीसरी लहर में कुल एक्टिव केस का आंकड़ा पहली बार 21 लाख के पार पहुंचा है। कुल एक्टिव केस ने 31 दिसंबर को 1 लाख और 8 जनवरी को 5 लाख का आंकड़ा छुआ था। इस लिहाज से महज 22 दिन में कुल एक्टिव केस 21 गुना हो गए हैं। इस बीच, बेंगलुरु के स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया हॉस्टल में कोरोना ब्लास्ट हुआ है। यहां 33 लोग कोरोना पॉजिटिव मिले हैं। इनमें 16 हॉकी प्लेयर्स और उनके कोच भी शामिल हैं।



### देश में कोरोना पर एक नजर

कुल संक्रमित- 3,89,01,457
कुल रिकवरी- 3,62,90,755
कुल मौतें- 4,88,878
कोरोना 50 दिन में दम तोड़ देगा

### भारतीय वैज्ञानिक का दावा- नया वैरिएंट नहीं आया तो 11 मार्च तक कम हो जाएगा

नई दिल्ली। भारत में कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च के टॉप साइंटिस्ट समीरन पांडा का एक ब?ा बयान आया है। उन्होंने कहा है कि अगर ओमिक्रॉन के बाद कोरोना का कोई नया वैरिएंट नहीं आता है, तो 11 मार्च तक ये महामारी एंडेमिक स्टेज में आ जाएगी।।



## मध्यप्रदेश में कोरोना से एक दिन में 5 मौतें

### 24 घंटे में 11 हजार नए मामले

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में कोरोना से एक दिन में 5 मौतें रिपोर्ट हुई हैं। इनमें 5 महीने की नवजात भी शामिल है। 24 घंटे में 11274 नए पॉजिटिव केस मिले। एक्टिव केस बढ़कर 61388 हो गए। संक्रमण दर 13 प्रश के पार है। सागर विधायक शैलेंद्र जैन संक्रमित आए हैं। पॉजिटिव आने से पहले विधायक नगर मंडल की बैठक में शामिल होने के लिए रामपुरा वार्ड और शुक्रवारी वार्ड पहुंचे थे। यहां वह मंडल के कार्यकर्ताओं से मिले थे। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर संक्रमित आने की जानकारी देते हुए संक्रमित आने वालों से जांच कराने के लिए कहा। भोपाल में 2107 नए केस मिले। ये तीनों लहरों का एक दिन का सबसे बड़ा आंक?ा है। इससे पहले दूसरी लहर में 28 अप्रैल 2021 को 1853 नए केस मिले थे। दूसरी लहर 1 अप्रैल से शुरू हुई थी और 28वें दिन संक्रमण का पीक आ गया था। तीसरी लहर 25 दिसंबर 2021 से शुरू हुई है और 21 जनवरी को 28 दिन पूरे हुए हैं। भोपाल में भी एक मौत रिपोर्ट हुई है।इंदौर में 3169 नए संक्रमित मिले। इंदौर में 7 महीने बाद एक दिन में संक्रमण से 3 मौतें भी हुईं। जिन तीन मरीजों की मौत हुई है। जबलपुर में शुक्रवार रात 740 नए केस सामने आए। तीसरी लहर में ये सबसे अधिक मामले हैं। इससे पहले अप्रैल 2021 में इतने केस एक दिन में सामने आ रहे थे। हालांकि, 300 से अधिक लोग कोविड से ठीक भी हुए।




## गरीब हाउसिंग बोर्ड का बाबू निकला करोड़पति

### रिश्वत के पैसों से क्लर्क प्रहलाद श्रीवास्तव ने बनाई करोड़ों की संपत्ति

### हाउसिंग बोर्ड में कई अधिकारियों-कर्मचारियों के पास है आय से अधिक संपत्ति

भोपाल। मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड हमेशा से आर्थिक बदहाली का रोना रोता रहता है, लेकिन इसमें कार्यरत अधिकारियों-कर्मचारियों की आय दिन दुनी और रात चौगुनी बढ़ती जा रही है। इस पर बोर्ड के क्लर्क प्रहलाद श्रीवास्तव ने मुहर लगा दी है। श्रीवास्तव ने रिश्वत के पैसों से करोड़ो की संपत्ति बनाई है। हाउसिंग बोर्ड में कई अधिकारियों-कर्मचारियों ने आय से अधिक संपत्ति बनाई है।गौरतलब है कि लोकायुक्त पुलिस के दस्ते ने हाउसिग बोर्ड के क्लर्क को अस्थाई शेड के स्थान पर पक्के मकान के निर्माण के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए क4हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ा था। उसके बाद लोकायुक्त संगठन पुलिस की भोपाल इकाई द्वारा प्रहलाद के ठिकाने पर मारे छापे गए। जिसमें प्रहलाद श्रीवास्तव और पत्नी डा. ज्योति ठाकुर की वैध आय लगभग डेढ़ करोड़ रुपए है और वे जिस चार मंजिला आलीशान कोठी में रह रहे हैं, उसकी कीमत भी तकरीबन इतनी ही है। अब तक का पारिवारिक खर्च, बच्चों की पढ़ाई और अन्य संपत्तियां अलग हैं। प्रहलाद की कुल संपत्ति तीन करोड़ रुपए से ज्यादा की आंकी गई है,



जो उनकी वैध आय से तकरीबन दोगुनी है। अफसरों की माने तो यह संपत्ति शुरुआती जांच में सामने आई है। जांच में यह आंकड़ा बढ़ सकता है।

( शेष पृष्ठ पेज 5 )

## हर हाल में राष्ट्रपति का चुनाव जीतने के लिए ट्रंप ने रची थी साजिश

**वाशिंगटन** । 2020 में अमेरिकी चुनाव को लेकर सामने आई एक रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, चुनाव हारने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी सेना के उच्च अधिकारी को वोटिंग मशीन जब्त करने का आदेश दिया था। यह आदेश व्हाइट हाउस की ओर से लिखित में जारी किया गया था। नेशनल आर्काइव द्वारा जारी की गई इस रिपोर्ट के मुताबिक, डोनाल्ड ट्रंप मतदाताओं की इच्छा के बिना भी अमेरिकी राष्ट्रपति पद पर बने रहना चाहते थे। व्हाइट हाउस द्वारा यह आदेश 16 दिसंबर 2020 में जारी किया गया था।



## 4 दिन में निवेशकों के 8 लाख करोड़ डूबे

**मुबई** । शेयर बाजार के लिए बीता सप्ताह काफी नुकसानदायक साबित हुआ है। बीते 4 दिनों में शेयर मार्केट में काफी तेज गिरावट देखने को मिली है। इस दौरान सेंसेक्स 2500 अंक की गिरावट झेल चुका है। साथ निफ्टी 700 अंक नीचे चला गया। शेयर मार्केट से जुड़े जानकारों का मानना है कि कमजोर रुपया और भारतीय बाजारों से पैसा निकालने वाले एफआईआई ट्रेंड रिवर्सल के चलते बाजार में गिरावट आई है। साथ कई कंपनियों का प्रदर्शन भी उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा है। सेंसेक्स में लगातार गिरावट के चलते निवेशकों की संपत्ति में 8 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की कमी आई। इस दौरान इंडिया विक्स की ग्रोथ 7.8 फीसदी रही। जानकारों के मुताबिक नैस्डैक के टेक दिग्गजों में गिरावट के साथ अमेरिकी बाजार लगातार पांचवें दिन कमजोर रहे, जिसका असर भारतीय शेयर बाजार में टेक सेक्टर पर भी दिख रहा है।



**वैश्विक बाजार का भी पड़ा असर**

अमेरिकी बाजारों में गिरावट का असर भारतीय बाजार पर भी दिखाी दे रहा है। अमेरिकी मार्केट में गुरुवार को भी लगातार पांचवें दिन कमजोरी देखने को मिली। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी की उम्मीद से वैश्विक बॉन्ड प्रतिफल में उछाल के कारण निवेशक जोखिम लेने से हिचकिचा रहे हैं।



## Priyanka Chopra बनी मां

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा और उनके पति व मशहूर सिंगर निक जोनस के घर खुशखबरी आई है। यह चर्चित जोड़ी अब माता-पिता बन चुके हैं। देर रात प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस ने वेलकम बेबी का मैसेज शेयर किया और इसके बाद प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस को उनके फैन्स ने बधाई देना शुरू कर दी। गौरतलब है कि प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस की शादी के तीन साल बाद उनके घर में यह खुशखबरी आई है। में सरोगेसी के जरिए बच्चे का जन्म हुआ है। हालांकि अभी यह नहीं बताया गया है कि सरोगेसी के जरिए उनके घर कोई बेटा आया है या बेटी। च्देसी गर्लज् प्रियंका चोपड़ा ने देर रात सोशल मीडिया पर निक जोनस को टैग करते हुए एक पोस्ट शेयर किया।



## आईपीएल 2022 मेगा ऑक्शन में 1214 खिलाड़ियों पर लगेगी बोली

**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप 2021 में प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे ऑस्ट्रेलियाई टीम के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर और उनके टीम साथी तथा फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच रहे मिचेल मार्श उन 49 खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्होंने आईपीएल 2022 मेगा ऑक्शन के लिए अपना बेस प्राइस 2 करोड़ रुपये रखा है। आईपीएल 2022 मेगा ऑक्शन का आयोजन अगले महीने 12 और 13 फरवरी को बेंगलुरु में होना है। नीलामी के लिए इस बार 1214 खिलाड़ियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। इनमें 896 भारतीय और 318 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। इस बार 8 की जगह 10 टीमें खेलेंगी और इन टीमों ने ऑक्शन से पहले ही 33 खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़ लिया है। मिचेल स्टार्क, सैम कुरेन, बेन स्टोक्स, क्रिस गेल, जोफ्रा आर्चर और क्रिस वोक्स, उन खिलाड़ियों में हैं जो नीलामी की शुरुआती लिस्ट से गायब हैं।

# अंडरपास में अब शेड के नीचे से निकल रहे राहगीर



**कटनी।** कटनी में खिरहनी ओव्हर ब्रिज के नीचे बना अंडरपास अब यहां से गुजरने वालों के लिए एक अलग अनुभव दे रहा है। दरअसल इस अंडरपास के उपर शेड का निर्माण किया गया है। कटनी शहर में अब यह पहला ऐसा अंडरपास है जिसमें शेड बनाया गया है। शेड निर्माण के कारण इसका लुक थोड़ा डिफरेंट हो गया है। शेड निर्माण के पीछे मकसद यहां से गुजरने वाले राहगीरों को सुरक्षित रखने के साथ बारिश से यहां की जलभराव की समस्या को कम करना है। हालांकि जानकार बताते हैं कि जलभराव की समस्या का निदान करना इतना सरल नहीं है। सड़क के दोनो ओर से पानी का समस्या बनी रहेगी। बावजूद लोगों को राहत जरूर मिलेगी। दरअसल रेलवे अपने सभी अंडरपास में शेड की व्यवस्था कर रहा है ताकि यह न सिर्फ खूबसूरत दिखें वरन यहां बारिश के वक्त आने जाने वाले लोगों को परेशानी न उठानी पड़े। खिरहनी ओव्हर ब्रिज के नीचे अंडरपास में एक और कारण से शेड निर्माण कराया जाना आवश्यक था क्योंकि इसके ठीक नीचे से अंडर पास होने के कारण ओव्हर ब्रिज के उपर से कोई भी कुछ भी फेंक सकता था जिससे नीचे से निकलने वाले लोगों को खतरा हो जाता। इसी के चलते शेड निर्माण आवश्यक था। बहरहाल खिरहनी अंडर पास में शेड निर्मित होने से कटनी के लोगों को भी मेट्रो स्टेशन या फिर बड़े शहरों में समपार से गुजरने का आभाष हो रहा है। रेल सूत्रों ने बताया कि कटनी शहर के अन्य इस तरह के अंडरपास में भी शेड निर्माण का कार्य जारी है। जल्द ही अन्य अंडरपास में शेड निर्मित किया जाएगा।

# नौनिहालों की पढ़ाई का प्रयोग बुकलेट्स से होगा मूल्यांकन

## घर पर ही घंटी बजने लगी, अध्यापक भी पहुंच रहे मोहल्लों में



**कटनी।** कोरोना से सबसे ज्यादा किसी को प्रभावित किया तो वह थे बच्चे। भविष्य निर्माता इन बच्चों की पढ़ाई लिखाई चौपट हो गई। तीसरा मौका है जब परीक्षा की तैयारी करने के समय बच्चे घर पर हैं। अभी परीक्षा पर भी संसय है। बहरहाल कटनी में बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अब उन्हें घर पर ही बेहतर शिक्षा देने की कवायद शुरू हो गई है। बच्चों की पढ़ाई रुके नहीं, भविष्य बेहतर हो, इसको लेकर के रणनीति बनाई गई है। अब घर पर ही घंटी बजने लगी है और मास्साब बच्चों के घर में वह मोहल्ले में पहुंचकर के सामाजिक दूरी का पालन करते हुए बच्चों को पढ़ाने की प्रक्रिया शुरू कर चुके हैं। खास बात यह है कि अब बच्चों का मूल्यांकन भी बुकलेट के आधार पर होगा बुकलेट। का वितरण किया जा चुका है। किस तरह से बच्चे अपना मूल्यांकन करेंगे यह आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

### मूल्यांकन कुछ यूं होगा

जानकारी के अनुसार कक्षा एक से लेकर 8वीं तक वर्कशीट व प्रोजेक्ट बुकलेट्स का स्कूलों में वितरण 17 जनवरी तक विधिवत रूप से कर दिया गया है। इसके बाद अब बच्चों द्वारा 15 जनवरी से लेकर 5 फरवरी तक बुकलेट को पूर्ण करेंगे। 6 से 15 फरवरी तक पूर्ण वर्कशीट फॉर प्रोजेक्ट बुकलेट को बच्चों से स्कूल में जमा कराने की प्रक्रिया शुरू होगी। 16 से 25 फरवरी तक पूर्ण वर्कशीट फॉर प्रोजेक्ट बुकलेट्स को शिक्षकों द्वारा मूल्यांकन किया जाएगा। इसके पश्चात 25 फरवरी से 10 मार्च तक शैक्षिक मूल्यांकन प्रपत्र भरकर डाटा एंट्री किया जाएगा, यानी कि रिजल्ट घोषित किया जाएगा। बता दें कि स्थानीय स्थित परिस्थितियों के अनुरूप प्रधानाध्यापक द्वारा व्यवस्था सुनिश्चित कराई जा रही है। या व्यवस्था जिले के अधिकारियों के निर्देशन में की जा रही है।

### प्रवेश पत्र की तारीख घोषित

क्षा 10 हाई स्कूल एवं कक्षा 12 हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों के लिए वार्षिक परीक्षा 2022 हेतु प्रवेश पत्र की तारीख घोषित कर दी गई है एवं इसके साथ ही परीक्षा फॉर्म में सबमिट की गई जानकारी को संशोधित करने का आखरी मौका भी दिया गया है। सचिव माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल की ओर से सभी स्कूलों के प्राचार्य को संबोधित पत्र क्रमांक 2249 के अनुसार एमपी एजुकेशन बोर्ड द्वारा वर्ष 2000 परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों के एडमिट कार्ड दिनांक 25 जनवरी 2022 तक ऑनलाइन जारी कर दिए जाएंगे।

## संक्षिप्त

### उद्यम क्रांति योजना में 90 हितग्राहियों को लाभ

**कटनी।** मध्यप्रदेश शासन सूक्ष्मए लघु और मध्यम उद्यम विभाग द्वारा मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना की शुरूआत 10 जनवरी से बैंकों व जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्रों के माध्यम से की गई है। योजना का उद्देश्य प्रदेश के शिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए उन्हें स्वयं का उद्योगए सेवाए व्यवसाय स्थापित करने के लिए बैकों के माध्यम से कम ब्याज दर पर ऋष्ण उपलब्ध कराना है। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग अजय श्रीवास्तव ने बताया कि योजना अंतर्गत जिले को 90 हितग्राहियों को लाभांवित करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है और योजना का लाभ लेने के लिए जिले के शिक्षित बेरोजगार एमपी ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। महाप्रबंधक जिला व्यापार व उद्योग ने बताया कि योजना में पात्रता का निर्धारण भी किया गया है। जिसमें आवेदक को मध्यप्रदेश का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है और उसकी आयु आवेदन दिनांक को 18 से 40 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। साथ ही आवेदक आय सीमा 12 लाख रूपये वार्षिक से अधिक न हो। आवेदक स्वयं किसी बैंक या अन्य किसी वित्तीय संस्था आदि से डिफाल्टर न हो और वर्तमान में राज्य या केन्द्र सरकार की किसी अन्य स्वरोजगार योजना का हितग्राही न हो। आवेदक योजना के लिए एक बार ही सहायता के लिए पात्र होगा।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ
यश भारत
कलर क्लासीफाइड
1 दिन - 150/-
3 दिन - 250/-
7 दिन - 500/-
15 दिन - 1200/-
30 दिन - 1800/-
साईज- 5x1
आवश्यकता, खरीदना-बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें
बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोन:- 07622-230033
Email :- katni@yashbharat.com

## देश में कटनी एकमात्र शहर जहां मची है गजब की लूट, अब सांसद तक पहुंचा मामला

# बिना सड़क का उपयोग किये देते हैं टोलटेक्स

**कटनी। पूरे देश में कटनी ही इकलौत जिला है जहां बिना सड़क का उपयोग किये लोग टोल टेक्स दे रहे हैं। मामला गत दिनों क्षेत्रीय सांसद तथा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व्हीडी शर्मा के समझ भी पत्रकारों ने उठाया था जिसके जवाब में प्रदेश अध्यक्ष ने भी इसे गंभीर समस्या मानते हुए कहा था कि इसे लेकर कलेक्टर को समस्या के समाधान के निर्देश दिये गये हैं। हालांकि इस बात को भी 4 दिन बीत गए पर क्या कार्रवाई की गई कुछ भी पता नहीं।**



आपको बता दें कि कटनी रीठी मार्ग में आरटीओ जाने वाले आम नागरिक टोल टैक्स से परेशान हैं। यहां बिना सड़क का उपयोग किए टैक्स देने के लिए नागरिक मजबूर हैं। रीठी रोड पर बने आरटीओ कार्यालय जाने पर चार पहिया वाहन चालकों को देना टोल टैक्स देना पड़ता है। किसी भी टोल नाके पर टैक्स तभी दिया जाता है जब वाहन चालक उस मार्ग का उपयोग करे, लेकिन जिले में एक टोल नाका ऐसा भी है जहां पर सड़क का उपयोग किए बिना ही टैक्स देना पड़ रहा है। जो वाहन चालक किसी कार्य से आरटीओ कार्यालय जाते हैं उन्हें टोल नाके पर टैक्स देना पड़ रहा है। रीठी रोड पर बनाए गए अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के पहले सड़क पर टोला नाका बनाया गया है। ऐसे में जो वाहन चालक अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय जाता है तो उससे पहले टोल नाका पड़ता है। इसी वजह से अतिरिक्त क्षेत्रीय कार्यालय जाने के लिए भी चार पहिया वाहन चालक को टोल टैक्स देना पड़ रहा है।

### स्टेट हादवे में बना है टोल नाका

कटनी से रीठी की ओर जाने वाले मार्ग पर सड़क निर्माण के बाद टोल नाका बनाया गया है। वहीं इसी मार्ग पर टोल नाके से चंद कदमों की दूरी पर अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय का निर्माण कराया गया है। जिन भी चार पहिया वाहन चालकों को परिवहन कार्यालय से संबंधी कार्य होता है तो वे कार्यालय पहुंचने के पहले टोल नाके से गुजरते हैं। टोल नाके से गुजरने के कारण वाहन चालकों से टोल टैक्स की वसूली की जाती है। जबकि वाहन चालक सिर्फ अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय तक ही जाते हैं। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय से दोबार शहर की ओर लौटने पर दोबारा से टोल टैक्स देना पड़ता है। हर दिन काफी संख्या में चार पहिया वाहन चालक अतिरिक्त क्षेत्रीय कार्यालय किसी न किसी कार्य से जाते रहते हैं। इसके कारण हर बार उन्हें टोल नाके में टोल टैक्स देना पड़ता है।

### कार्यालय के बाद स्थापित करने की मांग

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के पहले बने टोल नाके को परिवहन कार्यालय के आगे स्थापित किए जाने की मांग भी की गई है। इस मांग पर सर्वे भी किया जा चुका है। टोल नाका के पहले आरटीओ कार्यालय जाने के लिए अलग से एप्रोच रोड बनाई जाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं लेकिन यह बहुत धीमे हैं। इससे आम नागरिक परेशान हैं। आरटीओ कार्यालय के पहले पड़ने वाले टोल नाके में उन्हें शुल्क देना पड़ता है। जबकि वाहन चालक उस मार्ग का उपयोग भी नहीं कर रहे हैं। पत्र के माध्यम से मांग की गई थी कि टोल नाके को कार्यालय के आगे बनाया जाए या फिर आरटीओ कार्यालय जाने के लिए अलग से एप्रोच रोड बनाई जाए।

### वाहन चालकों को हो रही परेशानी

आरटीओ कार्यालय के पहले बनाए गए टोल नाके के कारण आरटीओ कार्यालय जाने वाले चार पहिया वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। उन्हें बगैर सड़क का उपयोग किए ही टोल टैक्स देना पड़ता है। टोल टैक्स आने और जाने दोनों बार देना पड़ता है। इसके अलावा अतिरिक्त् ?ा क्षेत्रीय कार्यालय शहर से काफी दूर बनाए जाने के कारण लोग परेशान होते हैं। चार पहिया वाहन चालकों को कहना है कि सिर्फ आरटीओ कार्यालय जाने पर ही उनसे टोल टैक्स वसूला जाता है। आरटीओ कार्यालय से वापस आने पर दोबारा टोल टैक्स देना पड़ रहा है।

### एप्रोच रोड भी विकल्प, पर 6 माह से लटका मामला

कटनी की इस समस्या की गूंज राष्ट्रीय स्तर पर हो चुकी है। मसला इतना आगे बढ़ा कि लगा अब शायद समस्या सुलझ जाएगी जनप्रतिनिधियों ने भी इसके लिए तमाम प्रयास करने का दावा किया इस्टीमेट भी बनाने की बात पता लगी सब कुछ होने के बाद भी मामला वहीं का वहीं है। अब जब सांसद के समझ यह मामला उठा है तो फिर से उम्मीद बंधी कि शायद इसका स्थाई हल खोजा जाएगा। गेंद फिलहाल कलेक्टर के पाले में है।

# रहेगा ठंड का सितम, दो दिनों तक बौछार के आसार

**कटनी।** आने वाले सोमवार का दिन फिर ठंड का सितम ढाएगा और फिर उसके बाद अगले दो दिनों तक लोगों को राहत मिलेगी। यह राहत आसमान में बादल छाए रहने के कारण मिलेगी। क्योंकि एक बार फिर विक्षोभ बनने की संभावना है, जो जिले में बारिश कराएगा। बता दें कि शुक्रवार का दिन एक बार फिर कोल्ड-डे रहा है। मौसम विभाग के अनुसार गुरूवार का न्यूनतम 4 डिग्री और अधिकतम 21.09 से डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। गुरुवार तक उत्तर-पूर्व हवा की दिशा रहने के कारण न्यूनतम तापमान 5 डिग्री के नीचे बना रहेगा। जिससे ठंडर बरकरार रहेगी। 22 और 23 जनवरी को रात के तापमान में बढ़ोत्तरी होगी और दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। दोनों दिनों में बारिश होने की संभावना है। कृषि मौसम विभाग के अनुसार उत्तर-पश्चिम में पश्चिम विक्षोभ बनने की संभावना है, इसलिए दो दिनों तक फिर बारिश होने की संभावना है। हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है, जो किसानों के लिए राहत भरी होगी। दो राहत के फिर ठंड बढ़ेगी, इसके बाद मौसम साफ होने के बाद आगे की स्थिति स्पष्ट होगी। आज दिन भर रहेगा ठंड का सितम, दो दिनों तक बौछार के आसार, पिछले एक सप्ताह से लोग कड़ाके की ठंड से कांप गए हैं। सुबह से लेकर देरशाम तक लोग ठिठुरन महसूस कर रहे हैं। वहीं 11 बजे से सूर्यदेव के दर्शन नहीं हो पा रहे। सुबह हर दिन घना कोहरा छाया रहता है।

# क्या मिल पाएगी फिर से स्वच्छता रेटिंग में जगह



कटनी। कटनी शहर में स्वच्छता को लेकर गिरी रेटिंग को सुधारने के लिए नगर निगम अपनी औपचाकिता निभा रहा है। उम्मीद है कि इन औपचारिकता के बल पर ही कटनी शहर को फिर से अपनी गिरी रेटिंग को वापस पा सकेगा। आपको बता दें कि स्वच्छ सर्वेक्षण - 2022 की प्रतियोगिता में सहभागिता कर नगर को स्वच्छता के शीर्ष 10 शहरों में शामिल कराने के लिए कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम प्रशासन द्वारा रोजाना दो पालियों के माध्यम से नगर की सफाई व्यवस्था को सर्वेक्षण के मापदंडों अनुरूप रखने के प्रयास किये जा रहे हैं। रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के माध्यम से नगर के सार्वजनिक स्थलों की सफाई सहित नागरिकों से डोर टू डोर संपर्क कर सोर्स सेग्रीगेशन की जानकारी प्रदान कर गीला एवं सूखा कचरा पृथक पृथक डस्टबिन में रखने एवं निगम के कचरा संग्रहण वाहनों में ही देकर नगर की सफाई व्यवस्था में सहयोग प्रदान करने की अपील की जा रही है। स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन एवं स्वच्छता निरीक्षकों की उपस्थिति में गुरुवार सुबह सफाई व्यवस्था के तहत नगर के विभिन्ना मुख्य मार्गो एवं सार्वजनिक स्थलों कुठला मुख्य मार्ग एवं डिवाईडर, बस स्टेण्ड परिसर, मैकेनिक लाईन प्वाइंट, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड स्थित गहोई कॉलोनी भागवत कथा स्थल, मिशन चौक, शिवाजी वार्ड स्थित एन.के.जे सब्जी मंडी, भट्टा मोहल्ला, बरगवां मुख्य मार्ग एवं डिवाइडर, धंटाघर प्वाइंट, श्याम प्रसाद मुखर्जी वार्ड के विभिन्ना स्थलों सहित विगत संध्या शासकीय अनुसूचित जाति उत्कृष्ट शिक्षा केन्द्र बालक छात्रावास माधवनगर कटनी परिसर तथा कक्षों की सफाई एवं धुलाई का कार्य कराया गया।

नीरज सिनेप्लेक्स में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 26 से
दोपहर 12,3 एवं 6 बजे से
आला...वैकुंठपुरमुलू (हिन्दी में)
कलाकार- अल्लू अर्जुन, पूजा हेगड़े, तब्बू , जयराम, सुशांत आदि।
टिकट दर- बॉक्स- 120/-, बालकनी क्लास- 100/- अपर क्लास-80/-, लौवर क्लास -60/-



यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

एम.जी.एम. में अब जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ अब 24 घण्टे उपलब्ध।



Our Specialist
डॉ.एस.के.सिंह
M.B.B.S., M.S.
सीनियर जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपी सर्जन
पूर्व चिकित्सक-
पोद्दार हॉस्पिटल , कोलकाता।
25 वर्ष का दूरबीन सर्जरी एवं अन्य सर्जरी का अनुभव।
आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।
For Appointment call or Visit
OPD Timing - Everyday 10:30AM to 02:30PM & 05:30PM-09:00PM
mgm HOSPITAL We Care with Care
एम.जी.एम. HOSPITAL
कचहरी चौक, फारेस्ट प्ले ग्राउंड के सामने, कटनी (मप्र) 483501
फोन नं: 07622-405070-71-72
Email: info@mgmhospitalkatni.com
Website: www.mgmhospitalkatni.com

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज



रोजाना 3 शो ता. 26 से 1,4 एवं सायं 7 बजे से
आला...वैकुंठपुरमुलू (हिन्दी में)
कलाकार- अल्लू अर्जुन, पूजा हेगड़े, तब्बू , जयराम, सुशांत आदि।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, शनिवार, 22 जनवरी 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# संक्रमण बढ़ा तो अब रिपोर्ट आने में हो रही देरी

## प्राईवेट लैब के भरोसे टेस्टिंग, दो दिन बाद भी नहीं मिल रही सेम्पलिंग की रिपोर्ट

**कटनी। कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर पूरे देश में कहर ढा रही है। हर दिन औसतन करीब तीन लाख से ज्यादा केस सामने आ रहे हैं। संक्रमण बढ़ने के बाद केन्द्र सरकार के साथ ही राज्य सरकार द्वारा इसकी रोकथाम के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। नाइट कर्फ्यू के साथ ही धारा 144 लागू की गई है। स्कूलों को भी बंद कर दिया गया है। संक्रमण बढ़ने के बाद सेम्पलिंग की भी रफ्तार बढ़ाई गई है, लेकिन आलम यह है कि सेम्पलों की रिपोर्ट मिलने में ही देरी हो रही है। कटनी में दो-दो दिनों तक रिपोर्ट नहीं मिल रही है।**

यश भारत पड़ताल

### सुप्राटेक की बजाए एगिलिटी लैब से हो रही सेम्पलों की जांच

सेम्पलों की रिपोर्ट मिलने में देरी के पीछे मुख्य कारण इसकी रिपोर्ट प्राईवेट लैब से मिलना है। मेडिकल कॉलेज जबलपुर स्थित आईसीएमआर लैब पर दबाव बढ़ने के बाद राज्य सरकार द्वारा प्राईवेट लैब से सेम्पलों की जांच कराने का निर्णय लिया गया था। कटनी सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों से सेम्पलों को जांच के लिए गुड़गांव स्थित सुप्राटेक लैब भेजा जा रहा था, जहां से दूसरे दिन रात तक रिपोर्ट मिल रही थी। अब यह जानकारी मिल रही है कि दो दिन से सुप्राटेक लैब की बजाए गुड़गांव में ही एगिलिटी लैब में सेम्पलों को जांच के लिए भेजा जा रहा है। कटनी से भी 20 जनवरी को 627 लोगों के नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं। जानकारी के मुताबिक इनकी रिपोर्ट कल शुक्रवार की रात मिल जाना था लेकिन अभी तक रिपोर्ट नहीं मिल पाई है। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि कोरोना संक्रमण की रोकथाम में किस स्तर पर जापरवाही बरती जा रही है। जब रिपोर्ट ही समय पर नहीं मिलेगी तो संक्रमित मरीजों के उपचार में अनावश्यक देरी होगी और इससे संक्रमण बढ़ने का भी खतरा रहेगा।



### जनवरी में ही 500 के पार केस

कोरोना संक्रमण की रफ्तार का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जनवरी में ही कुल संक्रमित मरीजों की संख्या 500 के पार जा पहुंची है। जनवरी के पहले सप्ताह में जहां एक भी केस नहीं थे तो वहीं दूसरा हफ्ता आते-आते पॉजीटिव मरीज मिलने लगे। सिंगल डिजिट से शुरू होकर अब यह डबल डिजिट तक पहुंच गया है। बीच में 15 जनवरी को 129 पॉजीटिव केस आने से हड़कम्प की स्थिति निर्मित हो गई थी। फिलहाल पिछले चार दिनों से औसतन आधा सैकड़ा पॉजीटिव केस मिल रहे हैं। संक्रमण बढ़ने के बाद स्वास्थ्य विभाग का अमला अलर्ट मोड पर आ गया है।

### अब वैक्सीनेशन पर जोर

कोरोना संक्रमण के निपटने के लिए अब वैक्सीनेशन पर जोर दिया है। जानकारी के मुताबिक जिले में 15-18 वर्ष के 95 प्रतिशत किशारों को वैक्सीनेटेड किया जा चुका है। इसी तरह 18 प्लस में लगभग 92 प्रतिशत लोगों को टीके लगाए गए हैं। संक्रमण की तीसरी लहर की दस्तक के साथ ही अब 60 प्लस एवं हेल्थ वर्करों को प्रिकॉशन डोज भी लगाई जा रही है। जिसे बूस्टर डोज भी कहा जा रहा है।

### इनका कहना है

आईसीएमआर लैब जबलपुर में सेम्पलिंग का दबाव बढ़ने के बाद राज्य सरकार द्वारा प्राईवेट लैब से सेम्पलों की जांच कराने का निर्णय लिया गया था। अभी तक सुप्राटेक लैब जांच के लिए सेम्पल भेजे जाते थे, लेकिन अब दो दिन पहले से एगिलिटी लैब गुड़गांव में सेम्पल भेजे जा रहे हैं। मध्यप्रदेश के तीन जिलों जबलपुर, छतरपुर और एक अन्य जिले से सेम्पल एकत्रित किए जाते हैं और इन्हें टेस्टिंग के लिए गुड़गांव भेजा जाता है। कटनी से 20 जनवरी को 627 सेम्पल भेजे गए थे, जिसकी रिपोर्ट अभी तक नहीं मिली है। कल 21 जनवरी को भी 584 लोगों की जांच करते सेम्पल भेजे गए हैं।

**-डॉ. समीर सिंघई, जिला टीकाकरण अधिकारी**

### जनवरी में अब तक मिले कोरोना केसेस

| | |
|---|---|
| 01 जनवरी | 00 |
| 02 जनवरी | 00 |
| 03 जनवरी | 00 |
| 04 जनवरी | 00 |
| 05 जनवरी | 00 |
| 06 जनवरी | 00 |
| 07 जनवरी | 05 |
| 08 जनवरी | 03 |
| 09 जनवरी | 05 |
| 10 जनवरी | 05 |
| 11 जनवरी | 22 |
| 12 जनवरी | 21 |
| 13 जनवरी | 45 |
| 14 जनवरी | 67 |
| 15 जनवरी | 129 |
| 16 जनवरी | 64 |
| 17 जनवरी | 55 |
| 18 जनवरी | 34 |
| 19 जनवरी | 58 |
| 20 जनवरी | 50 |
| 21 जनवरी | 57 |



# परिजनों ने एसपी से कहा : मुख्य आरोपी खुलेआम घूम रहे, एफआईआर में उनका नाम ही नहीं

## शिवम दुबे हत्याकांड में आया नया मोड़

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम धरवारा में छात्र शिवम दुबे की हत्या के मामले में नया मोड़ आ गया है। मृतक के परिजनों ने पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन को एक पत्र सौंपकर हत्याकांड के मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किए जान की मांग की है। पत्र में धरवारा निवासी पूर्व विधायक प्रतिनिधि एवं सत्तापक्ष के नगर अध्यक्ष पर वारदात में शामिल होने का आरोप लगाया गया है। एसपी को पूरे मामले की बिन्दुवार जानकारी देते हुए परिजनों ने कहा कि छात्र शिवम दुबे की हत्या में जिन लोगों का हाथ है, वे सत्तापक्ष से जुड़े हुए हैं, इसलिए पुलिस उनको बचा रही है। इनके द्वारा यह आश्वासन दिया गया था कि सभी के नाम पर मामला दर्ज हो रहा है लेकिन दूसरे दिन पता चला कि इन लोगों के एफआईआर में नाम नहीं है। जिससे परिजनों सहित ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ गया और ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे जाम कर दिया था। पत्र में परिजनों द्वारा बताया गया कि घटना के मुख्य आरोपी अभी भी घूम रहे हैं और अन्य दो आरोपियों के खिलाफ भी हत्या का मुकदमा दर्ज न करके केवल साक्ष्य छिपाने का मुकदमा दर्ज किया गया है, जबकि सभी पर हत्या का मुकदमा दर्ज होना चाहिए और इन नेताओं के फोन के कॉल डिटेल्स की जांच की जानी चाहिए। इन सभी संदिग्ध गतिविधियों की जांच सीबीआई सहित बड़ी जांच एजेंसी से करते हुए सभी आरोपियों को सजा दिलाये जाने सहित परिवार को सुरक्षा दिलाये जाने की मांग परिजनों ने पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन से की है।

**जिले में राशन वितरण की शिकायतों के बाद जिला प्रशासन ने बस स्टेंड स्थित किरार ट्रेडर्स में की थी छापामार कार्रवाई**

# गरीबों के हक पर डाका, दबिश में मिला कैरोसिन का अधिक भंडारण

**कटनी। जिले में गरीबों को वितरित होने वाले राशन वितरण में किस तरह अनियमितताएं की जा रही थी, इसका एक उदाहरण कल उस समय सामने आया, जब जिला प्रशासन की एक टीम ने बस स्टेंड स्थित किरार ट्रेडर्स में दबिश दी। दबिश के दौरान यहां कैरोसिन का निर्धारित से अधिक स्टाक पाया गया। यह देखकर अधिकारियों के भी होश उड़ गए। मौके पर करीब 7 हजार लीटर कैरोसिन का भंडारण मिला, जो कि गरीबों को वितरित किया जाना था लेकिन डीलर ने इसे बांटने की बजाए स्टॉक कर रखा था। सूत्रों के मुताबिक इसे बाजार में मनमाने दामों पर बेचा जाता था।**



विदित हो कि गरीबों को वितरित किए जाने वाले राशन में लगातार शिकायतें मिल रही थी। प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा भी विगत दिवस कमिश्नर-कलेक्टर कांफ्रेंस में राशन वितरण में लापरवाही करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे, जिस पर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर जिला प्रशासन की एक टीम ने शुक्रवार की सुबह बस स्टैंड के समीप स्थित केरोसिन का कारोबार करने वाले मेसर्स किरार ट्रेडर्स में दबिश दी। अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो के नेतृत्व में जांच की गई। जांच के दौरान स्टॉक का मिलान किया गया। उक्त फर्म अनिल किरार जबलपुर की है। जांच के दौरान 7000 लीटर अधिक केरोसिन मिला। मौके पर मौजूद मैनेजर सुभाष जांच टीम को यह नहीं बता पाए कि 7000 लीटर केरोसिन अधिक कैसे है। इस पर प्रशासन ने प्रकरण तैयार किया है। आगे की जांच की जा रही है। जांच कार्रवाई के दौरान एडीएम रोमानुस टोप्पो, एसडीएम प्रिया चन्द्रावत, तहसीलदार मुनव्वर खान, तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार रविंद्र पटेल, फूड इंस्पेक्टर प्रमोद मिश्रा, पीयूष शुक्ला सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### खाद्य विभाग के अधिकारी भी संदेह के दायरे में

प्राप्त जानकारी के अनुसार मेसर्स किरार ट्रेडर्स द्वारा जिले की उचित मूल्य की राशन दुकानों में केरोसिन सप्लाई किया जाता है। हर माह करीब 60 हजार लीटर की सप्लाई होना बताया गया है, जबकि गांवों में न के बराबर केरोसिन का वितरण हो रहा है। इसकी भी जांच टीम द्वारा कराई जा रही है। जानकारों की मानें तो करोड़ों रुपये की गड़बड़ी का मामला सामने आ रहा है। इस तरह की गड़बड़ी सामने आने से खाद्य विभाग की निगरानी पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। खाद्य विभाग के जिन अधिकारियों के पास राशन वितरण की निगरानी का जिम्मा है, वो केवल कागजी खानापूर्ति में लगे रहते हैं, जबकि जरूरतमंद राशन के लिए भटकते रहते हैं।

# ओएफके को हराकर डीसीए की टीम फाइनल में

### फारेस्टर प्लेग्राउण्ड में यदु स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन, कल खेला जाएगा फाइनल मुकाबला



**कटनी।** स्थानीय फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड में खेले जा रहे 14वे यदु स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट के अंतर्गत कल रेलवे इंस्टीटूट व डीसीए ब्लू के मध्य लीग मैच खेला गया। जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुए डीसीए ब्लू ने ओवर में रन बनाये। शशांक निषाद ने 54 एवं आनफस 25 ने रन, सचिन यादव ने 16 रन बनाए। जवाब में रेलवे इंस्टीट्यूट ने 25 ओवर में 116 रन में सारे विकेट खो दिए। योगेश पटेल ने 31 रन एवं अभिलाष ने 21 रन बनाए। इसी तरह पहला सेमीफाइनल मैच ओएफके एवं डीसीए के मध्य खेला गया। जिसमे डीसीए ब्लू ने 6 विकेट से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ओएफके ने 30 ओवर में 147 रन बनाये। प्रवीण ने 51, मोंटू 32, प्रकाश ने 23 रन बनाए। डीसीए ने 4 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। जिसमे शशांक निषाद ने 29, हर्ष मंगलानी ने 38 एवं सचिन यादव ने 25 रन बनाये। मैच में मनीष शर्मा एवं शुभम गुप्ता ने एम्पायर की भूमिका निभाई।

### स्वास्थ्य केन्द्रों में 2 करोड़ 70 लाख से बनेगी प्री-फेब कोविड यूनिट

**कटनी।** कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत 73 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा 49 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 21 करोड़ 70 लाख रुपए की लागत से प्री फेब कोविड-19 यूनिट निर्माण कराया जाएगा। जबलपुर संभाग में 6 करोड़ 40 लाख रुपए की लागत से 16 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा 16 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्री फेब कोविड यूनिट का निर्माण कराया जाएगा।

### अजमेर शरीफ से ख्वाजा गरीब नवाज के खादिम कटनी पहुंचे



अजमेर शरीफ से ख्वाजा गरीब नवाज के खादिम जनाब जवाद अहमद चिश्ती साहब का विगत कटनी आगमन हुआ। इस अवसर पर उनका यौमे विलादत जन्मदिवस मनाया गया। मौके पर ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के जिलाध्यक्ष अजरुदीन अज्जू भाई, मुजफर हुसैन, मोहम्मद दानिश मोहम्मद, आरिफअब्दुल, सत्तार नसरुद्दीन, मोहम्मद फिरोज, मोहम्मद हसन, मोहम्मद साजिद, मोहम्मद अयान, मोहम्मद समीर, मोहम्मद सरफराज और समस्त ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के लोग उपस्थित रहे।

# मानव कल्याण के लिए धरती पर अवतरित होते हैं भगवान





### ग्राम खम्हरिया में श्रीमद्भागवत कथा में मुरारीदास जी के उद्गार

**कटनी/रीठी।** रीठी विकासखण्ड के ग्राम खम्हरिया में बाबा हरीदास महाराज के बंगले में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के अंतर्गत कल श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा के अंतर्गत श्रीधाम वृंदावन से पधारे कथाव्यास श्री मुरारीदास जी के मुख से संगीतमय अमृत कथा की ज्ञानगंगा बह रही है, तो वहीं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अंतर्गत श्रीमद्भागवत कथा के प्रमुख अंशो का दर्शन कराते हुए श्रीकृष्ण जन्म की कथा का अमृतपान कराया। जिसमे उन्होंने बताया कि जब-जब धर्म की हानि व मानव पर विपत्ति आती है, तब-तब भगवान अवतरित होकर मानव कल्याण के लिए दुष्टों का दमन किया है। आज की इस कथा में संत कुमार यादव, रामभगत यादव, गजराज यादव, जगदंबा विश्वकर्मा, श्यामसुंदर विश्वकर्मा, रामविशाल यादव, भगवतराम यादव, प्रहलाद यादव, मारू यादव, निर्भय यादव, कोमल यादव, इंद्रकुमार यादव, कमलेश यादव, शरद यादव आदि की प्रमुख रूप से उपस्थिति ही।

# तीन उर्वरक प्रतिष्ठानों के विक्रय प्राधिकार पत्र निलंबित

**कटनी।** जिले के किसान कल्याण तथा कृषि विकास उपसंचालक व पदेन उर्वरक पंजीयन अधिकारी ए के राठौर ने जिले के तीन उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठानों के प्राधिकार पत्र तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए हैं। श्री राठौर ने बताया कि मेसर्स कन्हैयालाल घुमंडमल के संचालक निखिल थदलानी ग्राम शाहपुर विकासखंड कटनी के उर्वरक विक्रय संस्थान का निरीक्षण 14 जनवरी को जिला स्तरीय उर्वरक गुण नियंत्रण दल ने किया था। जिसमें संस्थान द्वारा उर्वरक का विक्रय व भंडार आदेश के अनुरूप नहीं पाया गया था। जिसमें संबंधित को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था लेकिन उनका जबाव संतोषप्रद नहीं रहा। जिसके चलते विक्रय केन्द्र का प्राधिकार पत्र तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इसी प्रकार मेसर्स गुप्ता ट्रेडर्स के संचालक सुनील कुमार गुप्ता निवासी बरही विकासखंड बड़वारा के विक्रय केन्द्र का दल ने निरीक्षण किया था, जिसमें पीओएस में दर्ज उर्वरक का विक्रयव भंडार भिन्न पाया गया था। संस्था का स्पष्टीकरण संतोषप्रद न होने के कारण विक्रय केन्द्र का भी प्राधिकार पत्र तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। एक अन्य मामले में मेसर्स अग्रवाल ट्रेडर्स के संचालक विवेक अग्रवाल बिलहरी विकासखंड रीठी के विक्रय केन्द्र का भी निरीक्षण दल ने किया था और आदेश के अनुरूप उर्वरकों का भंडार व विक्रय न करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। नोटिस का जवाब संतोषप्रद न होने पर विक्रय केन्द्र का प्राधिकार पत्र भी निलंबित करने की कार्रवाई की गई है। श्री राठौर ने बताया कि संबंधित विक्रेताओं को एक माह के अंदर संस्थान में उपलब्ध सभी रासायनिक उर्वरकों का विक्रय करने के निर्देश दिए गए हैं और उसके बाद यदि उर्वरक शेष बचते हैं तो उनको राजसात किया जाएगा।

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

कार्यालय नगर पालिक निगम, कटनी (म.प्र.)

क्र./7740/लोनिवि/निर्माण/2021-22 — कटनी, दिनांक 20.01.2022

निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम, कटनी द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु ई-टेण्डरिंग व्यवस्था के अंतर्गत ऑनलाईन निविदायें https://www.mptenders.gov.in पर Key Date & Time अनुसार म.प्र. शासन, लोक निर्माण विभाग भोपाल में केन्द्रीयकृत प्रणाली के तहत पंजीकृत फर्मों से आमंत्रित की जाती हैं। निविदायें प्रतिशत दर पर दी जावें। समस्त शर्तें व जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में किसी भी कार्यालयीन कार्य दिवस में अथवा https://www.mptenders.gov.in में देखी जा सकती है।

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि (रुपये लाख में) | अमानत राशि (रुपये में) | समय अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये में) | निविदा आमंत्रण का क्रम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना योजनांतर्गत बस स्टेंड का निर्माण एवं विकास कार्य। | 300.00 | 1,50,000 | 180 दिवस | 15,000 | प्रथम |

निविदा का शेड्यूल निम्नानुसार है:- (1) निविदा प्रपत्र क्रय एवं बिड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि 24.1.2022 को सायंकाल 5:30 बजे से। (2) प्री-बिड मीटिंग की तिथि 09.02.2022 को दोपहर 02:00 बजे से नोडल अधिकारी के कक्ष में। (3) निविदा प्रपत्र क्रय एवं बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 24.02.2022 को सायंकाल 5:30 बजे तक। (4) बिड खोलने की तिथि 28.02.2022 को दोपहर 01:00 बजे से।
नोट- (1) निविदा सम्बन्धी समस्त संशोधन सिर्फ ऑनलाइन अपलोड किये जावेंगे, समाचार पत्रों में नहीं। (2) मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम (लेखा एवं वित्त) नियम, 2018 एवं उक्त के सम्बन्ध में संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास म.प्र. भोपाल द्वारा समय-समय पर जारी निर्देश प्रभावशील होंगे।

कार्यपालन यंत्री
नगरपालिक निगम, कटनी

# पंचायत चुनाव में पिछड़े वर्ग को मिल सकता है 15 फीसदी आरक्षण

## पंचायत चुनाव में पिछड़े वर्ग को मिल सकता है 15 फीसदी आरक्षण, सुप्रीम कोर्ट की ट्रिपल लेयर टेस्ट की शर्त ने बांधे सरकार के हाथ

**कटनी।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा मध्यप्रदेश में पंचायत चुनाव को लेकर दायर सभी याचिकाओं का निराकरण कर दिए जाने के बाद प्रदेश में अब पंचायत चुनाव का रास्ता तो साफ हो गया है पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा रखी गई थ्रीलेयर टेस्ट की शर्त अब भी पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षण निर्धारण में सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कुल आरक्षण किसी भी स्थिति में 50 फीसदी से अधिक नहीं होने को अनिवार्य कर दिया है। प्रदेश में एससी, एसटी वर्ग को पहले से ही 35 फीसदी आरक्षण का प्रावधान है ऐसे में पिछड़े वर्ग को केवल 15 फीसदी आरक्षण ही दिया जा सकता है जो पिछड़े वर्ग की आबादी और सरकार की मंशा के हिसाब से बेहद कम है। सरकार इस दिशा में गहन मंथन और विशेषज्ञों से सलाह मशविरे के बाद ही कोई निर्णय लेगी फिलहाल सरकार ने इस दिशा में प्रयास शुरू कर दिये हैं। जल्द ही इस विषय को लेकर अहम बैठक आयोजित किये जाने की भी चर्चा है।

गौरतलब है कि प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की प्रक्रिया चल ही रही थी कि इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका की सुनवाई के दौरान पंचायत चुनाव में पिछड़े वर्ग के आरक्षण पर रोक लगा दी। सुप्रीम कोर्ट ने हालांकि यह रोक महाराष्ट्र पंचायत चुनाव के परिपेक्ष्य में लगाई थी पर बाद में इसे मध्यप्रदेश में भी लागू कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले पर एक दो दिन विचार करने के बाद राज्य सरकार ने पिछड़े वर्ग के आरक्षण के बिना चुनाव नहीं कराने का निर्णय ले लिया और चुनाव को लेकर जारी अपना अध्यादेश वापस लेते हुए चुनावी प्रक्रिया रदद् कर दी। सरकार की ओर से इस सम्बंध में एक पुनर्विचार याचिका भी सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई जिसमें पिछड़े वर्ग के आरक्षण पर रोक के फैसले पर पुर्नविचार का आग्रह किया गया।

पंचायत चुनाव को लेकर कांग्रेस और केंद्र सरकार की ओर से भी सुप्रीम कोर्ट में अलग अलग याचिकाएं लंबित थी। बीते 19 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने सभी याचिकाओं का निराकरण करते हुए पिछड़े वर्ग के आरक्षण के लिए ट्रिपल लेयर टेस्ट अनिवार्य कर दिया। सुप्रीम कोर्ट की ट्रिपल लेयर टेस्ट की अनिवार्यता के अनुसार सरकार पिछड़ेपन की प्रकृति को समझने के लिए पिछड़ा आयोग का गठन करे। आयोग पिछड़े वर्ग की आबादी के साथ-साथ उसकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति का आंकलन कर उसकी समीक्षा करे। इसका नोटिफिकेशन जारी हो और तब आरक्षण का निर्धारण हो। इसके अलावा ट्रिपल लेयर टेस्ट की अंतिम शर्त में कोर्ट ने यह भी शामिल कर दिया कि कुल आरक्षण किसी भी स्थिति में 50 प्रतिशत से ज्यादा न हो।




मध्यप्रदेश में पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन पहले से ही है। आबादी के साथ-साथ आर्थिक और सामाजिक आधार पर पिछड़ेपन की प्रकृति समझने में भी कोई बड़ी बाधा नहीं पर कुल आरक्षण 50 फीसदी से अधिक न हो यह सबसे बड़ी समस्या है। मध्यप्रदेश में पिछड़े वर्ग की आबादी 52 फीसदी से अधिक बताई जा रही। सरकार पिछड़े वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देना चाहती है पर 35 फीसदी आरक्षण पहले से ही एससी एसटी वर्ग के लिए निर्धारित है ऐसे में अब पिछड़े वर्ग को केवल 15 फीसदी आरक्षण ही दिया जा सकता है। सरकार सुप्रीम कोर्ट के दायरे में रहते हुए पिछड़े वर्ग को 15 फीसदी आरक्षण ही देगी या और कोई रास्ता निकालेगी इसे लेकर मंथन का दौर जारी है। सूत्र बताते हैं कि सरकार हर हाल में कम से कम 21 फीसदी आरक्षण पिछड़े वर्ग को देना चाहती है। यह कैसे संभव होगा इस दिशा में सरकार के प्रयास जारी हैं।

एक बार निरस्त होने के बाद सरकार ने पंचायत चुनाव की तैयारियां पुनः प्रारंभ कर दी हैं। इसके लिए 17 जनवरी से परिसीमन की प्रक्रिया शुरू हुई है जिसके लिए 25 जनवरी तक दावे आपत्तियां आमंत्रित की जानी है। 3 फरवरी को दावे आपत्तियों का निराकरण होना है। 23 फरवरी को परिसीमन का अंतिम प्रकाशन होगा। ग्राम पंचायतों के बाद जनपद और जिला पंचायत के वार्डों का भी नये सिरे से निर्धारण होना है। परिसीमन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद मतदाता सूची अपडेट की जाएगी और इसके बाद आरक्षण का निर्धारण होगा। इस पूरी प्रक्रिया में तीन से चार महीने का समय लग सकता है तब तक सरकार पिछड़े वर्ग के आरक्षण को लेकर अंतिम निर्णय तक पहुंच सकती है।

# टनल का निरीक्षण करने पहुंचे केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल





### कार्य प्रगति की समीक्षा कर दिये आवश्यक निर्देश

**कटनी।** स्लीमनाबाद में टनल का काम पूरा होने के बाद नहर के पानी को यदि हम लिफ्ट करके बहोरीबंद तक पहुंचाते हैं तो यह हमारे लिए बड़ी उपलब्धि होगी। लोगों की पहली जरूरत पेयजल है और बहोरीबंद के गांव तक पानी पहुंचता है, तो उसे आगे भी बढ़ाकर हम अन्य गांव को सुविधा दे सकते हैं। यह बात गुरुवार को जिले के प्रवास पर पहुंचे केंद्रीय खाद्य एवं जल शक्ति मंत्री प्रहलाद पटेल ने स्लीमनाबाद टनल के अप स्ट्रीम सलैया फाटक के निरीक्षण के दौरान कही। अपने विजिट के दौरान केंद्रीय मंत्री श्री पटेल ने कूड़न जलाशय तक केनाल से लिफ्ट करके पानी पहुंचाने के बाद उसे और आगे बढ़ाने को लेकर काम करने के निर्देश दिए। इस दौरान बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पांडेय भी मौजूद थे। सलैया फाटक में टनल का निरीक्षण करने पहुंचे केंद्रीय मंत्री श्री पटेल ने सबसे पहले नर्मदा घाटी विकास विभाग के अधिकारियों से टनल के कार्य और प्रगति की जानकारी ली। श्री पटेल ने सीसीटीवी के माध्यम से टनल का कार्य भी देखा। वहीं प्रेजेंटेशन के माध्यम से कार्य की पगति की विस्तृत जानकारी लेते हुये प्रगति की समीक्षा मंत्री श्री पटेल ने की।

### टनल के अंदर उतरे केंद्रीय मंत्री

केंद्रीय राज्यमंत्री श्री पटेल ने नर्मदा घाटी विकास विभाग के अधिकारियों व निर्माण एजेंसी के अधिकारियों के साथ टनल के अप स्ट्रीम में उतरकर कार्य का निरीक्षण किया। साथ ही मशीनों के माध्यम से जारी कार्य को नजदीक से देखा। इस दौरान कार्य में संलग्न अमले से भी केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री पटेल ने संवाद कर उनके द्वारा किये जा रहे कार्य के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं एजेन्सी के अधिकारी भी मौजूद रहे।

### समय से पहले हम काम कर पाएंगे पूरा

केंद्रीय मंत्री श्री पटेल ने समीक्षा के दौरान हर माह टनल कार्य की प्रगति की जानकारी ली और कार्य पर संतोष जताया। उन्होंने कहा कि यदि हर माह की यही प्रगति रही तो हम निर्धारित समय से पहले काम पूरा कर पाएंगे।

### जलजीवन मिशन के कार्यों की ली जानकारी

केंद्रीय मंत्री श्री पटेल ने टनल कार्य की समीक्षा के साथ ही जिले में चल रहे जल जीवन मिशन के कार्यों की सीईओ जिला पंचायत जगदीश चंद्र गोमे जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष रामरतन पायल, शंकर महतो, नर्मदा घाटी विकास के चीफ इंजीनियर आरएन शर्मा, कार्यपालन यंत्री सहज श्रीवास्तवए सीडब्ल्यूसीए नाबार्ड के अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधिए अन्य अधिकारी मौजूद थे।



# अमर शहीद हेमू कालाणी के बलिदान को याद किया

### सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया ने अर्पित किये श्रद्धासुमन

**कटनी।** सिंधी समाज के अमर शहीद हेमू कालानी जिन्होंने मात्र 19 वर्ष की आयु में अपने कुछ साथियों के साथ अंग्रेजों के खिलाफ बगावत का बिगुल फूंका था। अदालत ने उन्हें पहले आजीवन कारावास की सजा सुनाई जो बाद में मृत्यु दण्ड में बदल दी गई। वे हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर झूल गए थे। क्रांतिवीर अमर शहीद हेमू कालानी के 79 शहीदी दिवस पर सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्यों ने अमर शहीद के बलिदान को याद करते हुए स्थानीय फर्स्ट स्टेप स्कूल में उनके तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। भारत मां की जय और इंकलाब जिंदाबाद के नारों से सभी जोश में भर उठे। कार्यक्रम में सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया की अध्यक्ष नीलम जगवानी, सचिव सोनिया बत्रा, कोषाध्यक्ष नीतू लालवानी, सह सचिव लक्ष्मी खूबचंदानी, वाणी बजाज एवं स्कूल स्टाफ की उपस्थिति रही। समिति द्वारा हेमुकालानी के बलिदान को याद करते हुए युवाओं को उनसे से प्रेरणा लेने की अपील की गई। वीर शहीद हेमू कालानी का इतनी छोटी उम्र में किया बलिदान देश के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा गया है एवं सिंधी समाज को है हेमुकालानी की शहादत पर हमेशा नाज रहेगा।

# स्व सहायता समूहों के प्रशिक्षण के लिए तैयार हो रहे नये भवन

### भवन के मॉडल की डिजायन को राज्य स्तर से मिली स्वीकृति

**कटनी।** मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा गांवों के गरीब परिवारों के सदस्यों को आत्मनिर्भर बनाने व स्व रोजगार से जोड़ने के लिए स्व सहायता समूहों का निर्माण कर प्रशिक्षण के माध्यम से उनका क्षमतावर्द्धन करने का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही समूह सदस्यों का ग्राम संगठनों व संकुल स्तरीय संगठनों का गठन कर विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग प्रदान किया जा रहा है लेकिन इस कार्य में एक परेशानी सामने आ रही थी कि समूह सदस्यों को प्रशिक्षण देने व बैठक करने के लिए अलग से कोई व्यवस्था नही थी और कार्य प्रभावित होता था। इसको देखते हुए जिला प्रशासन ने अब जिले में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के माध्यम से 13 संकुल स्तरीय संगठनों के प्रशिक्षण व बैठक के लिए



भवनों का निर्माण कराने का निर्णय लिया है। जिले से सीएलएफ भवन का मॉडल डिजायन तैयार कर राज्य स्तर पर प्रेषित किया गया था। मॉडल को राज्य स्तर से अनुमोदित किया गया है और उसके साथ ही मॉडल की सराहना भी की गई है। सीईओ जिला पंचायत जगदीश चंद्र गोमे ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में विकासखंड बड़वारा के पिपरियाकला व बड़वारा में, विकासखंड बहोरीबंद के स्लीमनाबाद, बाकल व बहोरीबंद, विकासखंड रीठी के घनिया व बड़गांव, विकासखंड कटनी के मतवार पड़रिया, गनियारी में, विकाखंड विजयराघवगढ़ के बंजारी, देवरी मझगवां व देवराकला में और विकासखंड ढीमरखेड़ा में संकुल स्तरीय संगठनों के भवन का निर्माण किया जाना है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक भवन की लागत 10 लाख रूपये होगी और इन भवनों के निर्माण के लिए जिले में नवाचार के रूप में संकुल स्तरीय संगठनों को ही कार्य एजेंसी नियुक्त किया जा रहा है।



# पीपीई किट पहनकर शिक्षक कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**कटनी।** शिक्षक कांग्रेस के पदाधिकारियों ने आज कोविड 19 महामारी से बचाव के उपाय के साथ विशेष जीवन सुरक्षा कवच रूपी पोशाक पहनकर खास अंदाज में जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संगठन के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष नवनीत चतुर्वेदी, प्रांतीय सचिव इलयास अहमद, अजय सिंह, ऐश्वर्य मिश्रा, प्रहलाद मिश्रा, बसंत पाण्डे, राजेश सराठे, उपेन्द्र शर्मा आदि ने ज्ञापन के माध्यम से कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशों को जिले के संकुल प्राचार्य एवं लिपिक जनों द्वारा पूर्णतः नजर अंदाज करते हुए जिले के समस्त शिक्षकों के छठवे एवं सातवे वेतनमान के एरियर्स सहित अन्य भुगतान अपनी उदासीनता की वजह से लंबित किए हुए है। प्राचार्यों द्वारा शिक्षकों की सेवा पुस्तिका सत्यापित नहीं कराया जाना इसका प्रमुख कारण है। आज संगठन के द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी से अनुरोध मय यह कहा गया है कि यदि आगामी दस दिनों में शिक्षकों के समस्त भुगतान नहीं कराये जाते है तो वृहद आंदोलन किया जायेगा।

# शुरू हुआ मास्क ही है जिन्दगी अभियान

### मास्क लगाने वालों को मिलेगा प्रोत्साहन

**कटनी।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कोरोना से बचने के लिए नागरिकों को मास्क लगाने के प्रति जागरूक करने के लिए सभी नगरीय निकायों में 20 जनवरी से मास्क ही है जिन्दगी अभियान चलाने के निर्देश दिये हैं। यह अभियान 20 दिन चलेगा। श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोरोना से बचाव के लिए पूरे देश में नि:शुल्क वैक्सीन उपलब्ध करवाई है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वैक्सीनेशन के साथ कोरोना से बचाव के लिए चाक-चौबंद व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं। इसी का परिणाम है कि वैक्सीनेशन में मध्यप्रदेश अग्रणी राज्यों में हैं। श्री सिंह ने बताया है कि अभियान का उद्देश्य नगरीय क्षेत्रों में मास्क के प्रयोग को बढ़ावा देना है। मास्क को जन-सहयोग से सुलभ तरीके से उपलब्ध कराना और मास्क बैंक स्थापित करना। मास्क को ठीक ढंग से पहनने और उसके सुरक्षित निपटान की जानकारी देना। अभियान में अशासकीय संगठनों, संस्थाओं और युवाओं का सहयोग लिया जायेगा। व्यक्तिगत जनसंपर्क के साथ जागरूकता की विभिन्न गतिविधियाँ की जाएगी। मास्क लगाने वाले को प्रोत्साहन और नहीं लगाने वाले लोगों को समझाइश दी जायेगी। रोको-टोको अभियान चलेगा। विभिन्न प्रचार माध्यमों से मास्क लगाने के फायदे बताये जायेंगे। मास्क नहीं लगाने पर समझाइश के बाद चालानी कार्यवाही भी की जायेगी। मंत्री कार्यालय तथा संचालनालय स्तर पर अभियान की सतत् मॉनिटरिंग की जायेगी।

# ढीमरखेड़ा क्षेत्र की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनायेगा अजीविका मिशन

### मनरेगा के तहत 300 मुर्गी शेड बनाने का कार्य जारी

**कटनी।** प्रदेश सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है। शासन की योजनाओं के तहत जिले में भी महिलाओं को स्व रोजगार से जोड़ने काम किया जा रहा है। इसी दिशा में ढीमरखेड़ा क्षेत्र की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने मनरेगा के तहत आजीविका मिशन के सहयोग से मुर्गी शेड बनाने का काम किया जा रहा है। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशानुसार व जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे के मार्गदर्शन में स्व सहायता समूहों क सदस्यों के आजीविका संवर्धन के उद्देश्य से पोल्ट्री शेड निर्माण कराए जा रहा है। इसको लेकर आदिवासी बाहुल्य ढीमरखेड़ा विकासखंड को पायलेट के रूप में चुना गया है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने व स्व रोजगार से जोड़ने के लिए मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा 15 ग्रामों में अभियान चलाकर 424 सदस्यों का चयन मुर्गी शेडों के निर्माण के लिए किया गया है। द्वितीय चरण में ग्राम सगौना, आमाझाल, कोठी, झिन्ना पिपरिया, मूडीखेड़ा, बिजौरी, जिर्री, छहर आदि गांवों में 300 शेडों का निर्माण कराया जाएगा। जिला पंचायत सीईओ श्री गोमे ने बताया कि प्रथम चरण में विकासखंड ढीमरखेड़ा के 9 गांव के 158 सदस्यों के यहां मनरेगा योजना से पोल्ट्री शेडों का निर्माण कराया गया है। जिसमें स्व सहायता समूहों से जुड़े 158 सदस्य शामिल हैं और उनके द्वारा शेड निर्माण के बाद मुर्गी पालन का कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है। जिसके माध्यम से प्रत्येक सदस्य को हर माह 5 से 7 हजार रूपये की आय भी प्राप्त हो रही है।



# मास्क का उपयोग न करने पर वसूला 8100 का जुर्माना

**कटनी।** कोविड -19 संक्रमण के प्रसार पर रोकथाम एवं बचाव हेतु नगर पालिक निगम द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाकर कोविड उपयुक्त व्यवहार न करने वालों पर रोजाना चालानी कार्यवाही की जा रही है। नगर में निरंतर बढ रहे कोरोना संक्रमण के प्रकरणों को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर प्रियंक मिश्रा द्वारा जारी आवश्यक दिशा निर्देशों के परिपालन एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में नगरपालिक निगम कटनी के स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा आज जोन क्रमांक 1 बस स्टेण्ड मार्ग, जोन क्रमांक 3 मंगलनगर पुलिया, जोन क्रमांक 4 माधवनगर गेट आचार्य विनोवा भावे वार्ड रपटा पेट्रोल पंप के पास अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थलों में मास्क का उपयोग न करने वाले व्यक्तियों पर 8100 रूपये अर्थदण्ड की कार्यवाही की जाकर संबंधित नागरिकों को मास्क पहनकर ही घर से निकलने की समझाईश दी गई।



# स्वच्छता रैंकिंग में कटनी को टॉप 10 में शामिल करने जारी है कवायद

### साफ-सफाई सहित लोगों को जागरूक भी कर रहे स्वच्छता दूत

**कटनी।** 2022 में होने वाली सवच्छता रैंकिंग में कटनी को प्रदेश के टॉप-10 नगरों में शामिल कराने लगातार प्रयास जारी है। अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में स्वच्छता दूत जहां एक ओर नगर को स्वच्छ बनाने में जुटे हैं वहीं लोगों को स्वच्छता के प्रति विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूक भी किया जा रहा है। स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन एवं स्वच्छता निरीक्षकों की उपस्थिति में दैनिक सफाई व्यवस्था के तहत नगर के विभिन्न मुख्य मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों कुठला मुख्य मार्ग एवं डिवाईडर, बस स्टेण्ड परिसर, मैकेनिक लाईन प्वाइंट, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड स्थित गहोई कॉलोनी भागवत कथा स्थल, मिशन चौक, शिवाजी वार्ड स्थित एन.के.जे सब्जी मंडी, भट्टा मोहल्ला, बरगवां मुख्य मार्ग एवं डिवाइडर, धंटाघर प्वाइंट, श्याम प्रसाद मुखर्जी वार्ड के विभिन्न स्थलों सहित विगत संध्या शासकीय अनुसूचित जाति उत्कृष्ट शिक्षा केन्द्र बालक छात्रावास माधवनगर कटनी परिसर तथा कक्षों की सफाई एवं धुलाई का कार्य कराया गया। विभिन्न वार्डों के नागरिकों की सुविधा एवं नगर की सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए नगर के मुख्य मार्गों में स्थापित डस्टबिन की सफाई के साथ ही कचरे के प्वाइंटों की सफाई का कार्य कराया गया। नागरिकों से डोर टू डोर संपर्क किया जाकर घरों से निकलनें वाले कचरे के संग्रहण का कार्य किया जाकर डस्टबिन के कचरे को निगम के कचरा वाहन में ही देने की अपील की जाकर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने के प्रयास किये गए।





### सुगम पानी निकासी के किये जा रहे रोजाना प्रयास

नगर के सार्वजनिक नाले नालियों के माध्यम से सुगमता से पानी निकासी को दृष्टिगत रखते हुए जालपा देवी वार्ड जालपा मंदिर के पीछे कच्ची नाली निर्माण कार्य, कावस जी वार्ड मलिन वंशकार बस्ती, फारेस्टर वार्ड सुदर्शन बाल मंदिर मार्ग, पंडित जवाहर लाल नेहरू वार्ड स्थित सुलभ कॉम्पलेक्स के पास स्थित नाले की सफाई, बाबा नारायण शाह वार्ड मुख्य मार्ग की नालियों की ढेरियों की सफाई, मंगलनगर पुलिया स्थित नाले की सफाई सहित अन्य स्थलों के नाले नालियों की सफाई का कार्य कराया गया।

# सराफा दुकान में करोड़ों की चोरी का लगा सुराग

परेड की रिहर्सल



झिंझरी स्थित पुलिस ग्राउंड में गणतंत्र दिवस समारोह की परेड के लिए रिहर्सल की जा रही है।

## सप्ताह भर पहले पड़ोस में किराए का कमरा लेकर रहने वाले दो युवक संदेह के घेरे में

यश भारत फॉलोअप

### तीन राज्यों में संदेहियों को तलाश रहीं पुलिस की अलग-अलग टीमें




**कटनी।** माधवनगर मेन बाजार स्थित संगीता ज्वेलर्स में हुई करोड़ों की चोरी के आरोपियों की तलाश पुलिस टीम तीन राज्यों में कर रही है। इसके लिए चार पुलिस टीम बनाई गई है। चोरी का कनेक्शन नेपाल से भी जुड़ गया है। जिन दो आरोपियों की पुलिस को तलाश है। उसमें से एक नेपाल का है जबकि दूसरा आरोपी गुजरात के वलसाड का रहने वाला है। दोनों युवक संगीता ज्वलर्स के पास एक सप्ताह पहले ही किराए का मकान लेकर रह रहे थे। वारदात के बाद से ही दोनों फरार हो गए हैं। दोनों आरोपियों ने ही रैकी करने के बाद चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस की चार टीमें आरोपियों की तलाश कर रही हैं। गौरतलब है कि 18-19 जनवरी की दरम्यानी रात माधवनगर थाना क्षेत्र के मेन बाजार स्थित संगीता ज्वेलर्स दुकान की दीवार में सेंध लगाकर चोरी की गई थी। चोरों ने संगीता ज्वलेर्स दुकान में रखी तिजोरी से 6 किलो सोना, 5 किलो चांदी, 10 लाख के डायमंड से बने आभूषण चोरी कर ले गए थे। तिजोरी में रखे 1 लाख 5 हजार रुपए भी चोरी किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि दुकान के पास रोड नंबर पांच पर शांति बाई के मकान में एक सप्ताह पहले नेपाल निवासी 32 वर्षीय गोविंद बहादुर पिता झनकार सावाद और गुजरात के वलसाड निवासी 32 वर्षीय दिनेश रावत ने किराये से कमरा लिया था। चोरी की वारदात का पूरा संदेह दोनों पर ही है। दोनों चोरी की वारदात के बाद से फरार हैं। दोनों की तलाश की जा रही है।

### करोड़ों की चोरी लाखों में बदली

पुलिस की एफआईआर में सिर्फ 6 लाख के आभूषण और 1 लाख 5 हजार रुपए चोरी होना बताया गया है। पुलिस अधिकारियों कहना है कि एफआईआर दुकान संचालक ने जो जानकारी दी है उसके अनुसार ही दर्ज की गई है। सोने के आभूषण का बिल देने के बाद चोरी की राशि बढ़ाई जाएगी। पुलिस टीम को दुकान के पास करीब सात किलो चांदी के आभूषण भी मिल गए है।

### 3 करोड़ 17 लाख 55 हजार की हुई चोरी-व्यापारी

दुकान संचालक रवि पाहूजा के अनुसार दुकान की तिजोरी में रखे 6 किलो सोना, 10 किलो चांदी, 10 लाख के डायमंड से बने आभूषण चोरी किए गए हैं। इसके अलावा 1 लाख 5 हजार रुपए नगद भी चोरी हो गए हैं। चोरी गए आभूषणों की कीमत लगभग 3 करोड़ 17 लाख 55 हजार रुपए है।

# बिलासपुर रेलखंड पर थर्ड लाइन का कार्य तेज,रेलवे ने निरस्त की कई ट्रेनें

**कटनी।** बिलासपुर-कटनी रेलखंड के जैतहरी-छुलहा के बीच थर्ड लाइन जोड़ने के लिए रेलवे के द्धारा जैतहरी स्टेशन पर 23 जनवरी से 31 जनवरी तक प्री नॉन/नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाना है। प्री नॉन/नॉन इंटरलॉकिंग कार्य की अवधि में इस मार्ग से होकर गुजरने वाली कई गाड़ियों को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान कटनी-बिलासपुर रेलखंड पांच जोड़ी ट्रेनें भी निरस्त रहेंगी। रेलवे के मुताबिक गाड़ी संख्या 18201 दुर्ग से नवतनवा एक्सप्रेस 21 जनवरी, 26 जनवरी व 28 जनवरी को तथा वापसी में गाड़ी संख्या 18202 नवतनवा से दुर्ग एक्सप्रेस 23 जनवरी, 28 जनवरी व 30 जनवरी को प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। यह गाड़ी कटनी एवं सतना स्टेशनों से गुजरेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 22909 बलसाड-पुरी साप्ताहिक एक्सप्रेस 20 जनवरी व 27 जनवरी तथा वापसी में गाड़ी संख्या 22910 पुरी-बलसाड साप्ताहिक एक्सप्रेस 23 जनवरी व 30 जनवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। यह गाड़ी भोपाल, इटारसी, पिपरिया, जबलपुर एवं कटनी साऊथ स्टेशनों से होकर गुजरेगी। वहीं गाड़ी संख्या 20471 बीकानेर-पुरी साप्ताहिक एक्सप्रेस 23 जनवरीव 30 जनवरी तथा गाड़ी संख्या 20472 पुरी-बीकानेर साप्ताहिक एक्सप्रेस 26 जनवरी व 2 फरवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। यह गाड़ी सवाईमाधोपुर, कोटा, बारां, गुना, अशोक नगर, मुंगावली, सागर, दमोह एवं कटनी मुड़्वारा स्टेशनों से होकर गुजरेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 22867 दुर्ग से हजरत निजामुद्दीन सुपरफास्ट हमसफर एक्सप्रेस 25 जनवरी व 28 जनवरी तथा वापसी में गाड़ी संख्या 22868 निजामुद्दीन से दुर्ग सुपरफास्ट हमसफर एक्सप्रेस 26 जनवरी एवं 29 जनवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

# छेड़छाड़ करने वाले मनचलों को कठोर व सश्रम कारावास

### तीन अलग-अलग मामलों में न्यायालय ने सुनाई सजा, आरोपियों पर अर्थदंड भी लगाया अदालत ने

**कटनी।** विशेष न्यायाधीश (पाक्सो) की अदालत ने नाबालिग बालिकाओं के साथ छेड़छाड़ के तीन अलग-अलग मामलों में आरोपियों को कठोर व सश्रम कारावास की सजा से दंडित किया है। आरोपियों को कठोर व सश्रम कारावास की सजा देने के साथ ही न्यायालय ने आरोपियों पर अर्थदंड भी लगाया है। अभियोजन पक्ष के मुताबिक सजा के पहले मामले में आरोपी संतोष गुप्ता को धारा 341, 354, 354(क)ए 354(घ)(1)(आई) एवं धारा 11;पद्ध;पअद्ध12 पॉक्सो के अपराध में दोषसिद्ध पाया। तथा धारा 11(आई)(आईव्ही)/12 पॉक्सो के अपराध में 2 वर्ष के कठोर कारावास एवं 3000 रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई है। अर्थदंड अदा न करने पर 3 माह का सश्रम कारावास से भी दंडित किया गया है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक नविता पिल्लै के द्वारा पैरवी की गई। अभियोजन पक्ष के मुताबिक 15 नवंबर 2018 को सुबह करीब 8 बजे जब नाबालिग बालिका अपने गांव से खिरवां अपनी सहेली व उसके भाई के साथ कोचिंग जा रही थी तथा वह जैसे ही मैडम के घर के पास मोड़ पर पहुंची तो नाबालिग बालिका के घर के सामने रहने वाला आरोपी संतोष गुप्ता मिला। जिसे देखकर नाबालिग बालिका की सहेली और उसका भाई आगे निकल गये। तब आरोपी संतोष गुप्ता ने नाबालिग बालिका का बुरी नियत से हाथ पकड़ लिया और कहा कि वह उसे अपनी पत्नी बनायेगा और उसे अपने साथ चलने के लिये कहा। नाबालिग बालिका ने आरोपी की बातों का विरोध किया और कोचिंग से लौटकर वापस आई तो आरोपी संतोष फिर रास्ते में खड़ा था। आरोपी पूर्व में भी कोचिंग के रास्ते में आते-जाते वक्त खड़ा रहता था और नाबालिग बालिका से बात करने की कोशिश करता था परंतु नाबालिग बालिका ने मना कर दिया। नाबालिग बालिका ने घटना के बारे में अपनी मां को बताया एवं 07 दिसंबर 2018 को थाना माधवनगर में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट पर से मामला पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। विवेचना उपरांत प्रकरण न्याायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिसमें न्यायालय द्वारा विचारण पश्चात अभियुक्त को 2 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 3000 रूपये के अर्थदण्ड एवं जुर्माना अदा न करने पर 3 माह का सश्रम कारावास से दण्डित किया।



### छेड़छाड़ से परेशान होकर नाबालिग ने खा ली थी दर्द व बुखार की गोली

वहीं दूसरे मामले में भी विशेष न्याायाधीश (पाक्सो) की अदालत ने आरोपी रजनीश सिंह को धारा 354, 451 एवं धारा 11(आई)/12 पॉक्सो के अपराध में दोषसिद्ध पाया। न्यायालय ने आरोपी को धारा 354 के अपराध में 1 वर्ष का सश्रम कारावास 1000 रूपये अर्थदंड तथा धारा 451 के अपराध में 1 वर्ष का सश्रम कारावास 1000 रूपये अर्थदंड एवं धारा 11(आई)/12 पॉक्सो के अपराध में 2 वर्ष के कठोर कारावास एवं 3000 रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक सुश्री नविता पिल्लै द्वारा पैरवी की गई। अभियोजन पक्ष के मुताबिक 12 सितंबर 2017 को दिन के करीब 12 बजे नाबालिग बालिका अपने घर के पास खड़ी थी तभी आरोपी आया और उसके दोनों गालों को हाथ से पकड़ लिया। फिर बुरी नियत से नाबालिग बालिका का हाथ पकड़ कर घर के कमरे में ले गया और नाबालिग बालिका से कहा कि उससे शादी करना चाहता हूं और उसके पास घर नहीं है तो वह उसके लिये घर बनवा देगा। तब नाबालिग बालिका ने आरोपी से पिता को शिकायत करने के लिये कहा तो वह नाबालिग बालिका को छोड़ कर भाग गया। नाबालिग बालिका ने शर्म के कारण बुखार और दर्द की 3 गोलियां खा ली। उसके पिता उसको इलाज के लिये ले गये थे तब नाबालिग बालिका ने माता पिता को घटना के बारे में बताया। उसके पश्चात थाना विजयराघवगढ में घटना की रिपोर्ट लेख करायी थी। रिपोर्ट पर से अपराध क्रमांक 343/17 धारा 354, 354क, 452 एवं 7/8 पॉक्सो अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिसमें न्यायालय द्वारा विचारण पश्चात अभियुक्त को धारा 354 के अपराध में 1 वर्ष का सश्रम कारावास 1000 रूपये अर्थदंड तथा धारा 451 के अपराध में 1 वर्ष का सश्रम कारावास 1000 रूपये अर्थदंड एवं धारा 11(आई)/12 पॉक्सो के अपराध में 2 वर्ष के कठोर कारावास एवं 3000 रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया।

### विजयराघवगढ़ न्यायालय ने भी सुनाई सजा

उधर तीसरे मामले में न्यायालय जेएमएफसी तहसील विजयराघवगढ़ के द्वारा आरोपी सुरेश प्रसाद कचेर को धारा 354 के अपराध में 1 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 200 रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी दीप्ती पटेल द्वारा पैरवी की गई। अभियोजन पक्ष के मुताबिक फरियादिया ने 30 अगस्त 2015 को थाना विजयराघवगढ उपस्थित होकर अभियुक्त सुरेश प्रसाद कचेर के विरूद्ध इस आशय की रिपोर्ट दर्ज करायी। फरियादिया के मुताबिक 30 अगस्त 2015 को सुबह 12 बजे जब वह बकरी चराने गांव के बगीचे गयी थी। उसीदौरान दोपहर करीब 3 बजे बारिश हो गई। जिससे बचने फरियादिया जामुन के पेड़ के नीचे खड़ी हो गयी। तभी सब्जी बेचने बाला सुरेश कचेर आया और वह भी बारिश से बचने के लिये उसी जामुन के पेड़ के नीचे खड़ा हो गया। इस दौरान अभियुक्त सुरेश कचेर ने फरियादिया का हाथ बुरी नियत से पकड़ा और उसे गिरा दिया तथा उस पर लिपट गया। उक्त रिपोर्ट के आरार पर थाना विजयराघवगढ में अपराध क्रमांक 278/15 धारा 354क, 323 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया एवं विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिसमें न्यायालय द्वारा विचारण पश्चात अभियुक्त को धारा 354 के अपराध में 1 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 200 रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया।

## सीएम हेल्पलाइन में शिकायत के बाद प्रशासन ने की कार्रवाई

# ढीमरखेड़ा में अतिक्रमण से मुक्त हुई 50 लाख की बेशकीमती शासकीय भूमि



**कटनी।** ढीमरखेड़ा तहसील के बांध गांव में शुक्रवार को राजस्व और पुलिस विभाग की टीम ने शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया है। यहां मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे गांव के ही हीरालाल कुर्मी, लाल सिंह आदिवासी, सुंदरलाल कुर्मी और कमलेश कुर्मी के द्वारा अतिक्रमण कर अवैध तरीके से मकान और दुकान का निर्माण कार्य किया जा रहा था। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत राजस्व अधिकारियों के अलावा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर और जनसुनवाई में पहुंचकर अनेकों बार किया। ग्रामीणों की शिकायत के बाद तहसीलदार हरिसिंह धुर्वे ने मामले की जांच कराकर संबंधित कब्जाधारियों को बेदखली आदेश जारी कर अतिक्रमण हटाने कहा लेकिन कब्जाधारियों के द्वारा अतिक्रमण हटाने की जगह तहसीलदार न्यायालय के आदेश की अवहेलना कर अवैध निर्माण कार्य लगातार किया जाता रहा। जिसकी भी शिकायत ग्रामीणों ने अधिकारियों और सीएम हेल्पलाइन नंबर पर किया। शुक्रवार को तहसीलदार हरिसिंह के नेतृत्व में जेसीबी मशीन लगाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। वहीं गांव के संदीप पटेल और रामभक्त गुप्ता का के टीनशैड और छप्पर हटाया गया। तहसीलदार हरिसिंह धुर्वे ने बताया कि बांध गांव में मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे लगी करीब 50 लाख रुपये बेशकीमती शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाया गया। यहां गांव के ही कुछ लोगों के द्वारा कब्जा किया गया था। कार्रवाई के दौरान ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी विजय सिंह बघेल, सिलौंडी नायब तहसीलदार रैना तामिया, राजस्व निरीक्षक मोहन लाल साहू, रामस्वरूप परौहा, राकेश पांडेय सहित राजस्व और पुलिस कर्मियों की मौजूदगी रही।

# चोरी की रेत से लोड ट्रैक्टर ट्राली जप्त



**कटनी।** रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन बेखौफ हो रहा है लेकिन माइनिंग विभाग के जिम्मेदार इस मामले में नजरें इनायतें करना भी मुनासिब नहीं समझ रहे हैं। विजयराघवगढ़ पुलिस द्वारा एक ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ कर कार्रवाई की है, जिसमें चोरी की रेत लोड थी। बंजारी तिराहा में पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली क्रमांक एम.पी.21एए-8372 को रोककर चालक नितिन पिता नंदीलाल कोल निवासी छिंदहाई पिपिरया से रेत से संबंधित दस्तावेज मांगे लेकिन वह दिखाने में असमर्थ था। पुलिस ने रेत लोड ट्रैक्टर ट्राली जप्त कर थाने में खड़ा कराया और चालक के खिलाफ धारा 379, 21(1) खान खनिज अधिनियम 1957 के तहत मामला दर्ज किया है।


यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

**JOB OPENING**
Requirement/skills
1. Tally, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
**The Dinesh Goods Transport Co.**
**Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni m.p.**
**For Application**
Contact- Ayush Jain
**Mo. 8989020207**

**आवश्यकता है**
CCTV IP Camera Installation हेतु जानकार लड़कों (Technician) की आवश्यकता है, योग्य व्यक्ति ही संपर्क करें। Technician के पास स्वयं का स्मार्टफोन होना अनिवार्य है। वेतन योग्यतानुसार।
संपर्क- माधव इलेक्ट्रॉनिक्स झूलेलाल मंदिर के पास, गुरूनानक वार्ड, कटनी
मो. 7000922945, 9300937907

**बेचना है**
द्वारका सिटी, बरगवां कटनी में पानी की टंकी के पास मकान नं. 236, 237 बेचना है। प्रत्येक 480 वर्गफुट का स्वतंत्र मकान छत सहित। एक कमरा, किचिन, लेटबाथ, के साथ बरामदा (क्लोज) तत्काल बेचना है। शीघ्र संपर्क करें-
मो. 9977761441
9425859026

**देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक**
डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai)
सौन्दर्य एवं चर्मरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल मुम्बई
कील मुहॉसे, दाद, खाज, खुजली, एलर्जी, टेनिंग, सफेद दाग, कुष्ठ रोग, मस्सा, तिल, कार्न वार्ट, सोराएसिस, एक्जीमा, एंटी एजिंग, नाखुन के रोग, बाल झड़ना, शिशु चर्मरोग, कान की सिलाई, पी.आर.पी केमिकल पीलिंग, मेडिफेशियल, डर्मारोलर
मिलने का समय-सुबह 9:30 बजे से दोप.11:30 बजे तक एवं सायं 4:30 बजे से सायं 7:30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
**डॉ. स्मिता बजाज**
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009






**JOHNSON** Not just tiles, Lifestyles.






सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
**समर्थ** मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

यशभारत हैल्पलाइन अखबार की प्रति के लिए फोन करें- 230033

**रत्ना मैरिज गार्डन**
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था





पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)